स्थापना वर्ष–1961

''विद्या ददाति विनयम्''

# S.R.T. COLLEGE DHAMRI

Godda, Jharkhand - 814160

A Constituent Unit of
**Sido Kanhu Murmu University, Dumka**




# PROSPECTUS

## विवरणिका

website : srt.ac.in

srtcollege.dhamri.godda@gmail.com


Sponsored by JSHEC
Organised by SRT COLLEGE, DHAMRI



# महाविद्यालय का संक्षिप्त इतिहास

श्री रघुनन्दन तिवारी महाविद्यालय, धमड़ी, गोड्डा संथाल परगना के आदिवासी बहुल एवं शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र में उच्च शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से स्थापित एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है। इस महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 1961 में महान समाजसेवी, शिक्षाप्रेमी एवं दानवीर स्वर्गीय रघुनन्दन तिवारी (भूदाता) की दूरदर्शी सोच एवं उदार परोपकार का परिणाम है। उन्होंने महाविद्यालय की स्थापना हेतु लगभग 23 एकड़ 96 डिसमिल भूमि दान कर क्षेत्र में शिक्षा के एक नए युग का सूत्रपात किया तथा समाज के समग्र विकास के प्रति अपनी अद्वितीय प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

महाविद्यालय की स्थापना एवं विकास यात्रा में संस्थापक प्राचार्य स्वर्गीय श्री लक्ष्मण पाण्डेय तथा प्रो. महादेव झा सहित अनेक शिक्षाविदों, समाजसेवियों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों का उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनके सतत प्रयास, समर्पण एवं सहयोग के परिणामस्वरूप यह संस्थान आज क्षेत्र में उच्च शिक्षा के एक सशक्त केन्द्र के रूप में स्थापित है।

प्रारम्भिक वर्षों में महाविद्यालय में कला एवं विज्ञान संकाय के अंतर्गत इंटरमीडिएट एवं स्नातक स्तर की शिक्षा संचालित की जाती थी। वर्तमान में महाविद्यालय में कला, विज्ञान एवं okf.kT; संकाय के अंतर्गत केवल स्नातक स्तर की शिक्षा संचालित की जा रही है। विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के बौद्धिक, नैतिक, सामाजिक एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष बल दिया जाता है। शिक्षण के अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC), खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, सेमिनार, कार्यशालाएँ, अध्ययन भ्रमण तथा सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित किया जाता है।

महाविद्यालय को 1971–72 में तत्कालीन भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर से संबद्धता प्राप्त हुई तथा 14 अक्टूबर, 1982 को इसे अंगीभूत महाविद्यालय का दर्जा प्राप्त हुआ। वर्तमान में यह महाविद्यालय सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका का एक प्रतिष्ठित अंगीभूत महाविद्यालय है तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मानकों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

आज श्री रघुनन्दन तिवारी महाविद्यालय, धमड़ी उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण, अनुभवी एवं समर्पित शिक्षकों, अनुशासित शैक्षणिक संस्कृति तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के कारण क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है। ज्ञान, नैतिकता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय मूल्यों से युक्त सक्षम, संवेदनशील एवं उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण ही इस संस्थान का मूल उद्देश्य है। शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार एवं समाजोपयोगी गतिविधियों के माध्यम से महाविद्यालय क्षेत्र एवं राष्ट्र के समग्र विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सतत प्रतिबद्ध है।



**Dr. Shambhu Kumar Singh**
**Principal**
**S.R.T. College, Dhamri, Godda**
**S.K.M.U, Dumka, Jharkhand**

# प्राचार्य का संदेश

प्रिय विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षाप्रेमियों, आप सभी का एस.आर.टी. कॉलेज, धमड़ी स्वागत करती है |

हमारा महाविद्यालय इस विश्वास के साथ कार्य करता है कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की आधारशिला है। संथाल परगना की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत तथा सिदो-कान्हू के प्रेरणादायी संघर्ष से प्रेरणा लेते हुए हम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, मूल्यपरक एवं समावेशी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के अनुरूप महाविद्यालय में शिक्षण, अनुसंधान, नवाचार, कौशल विकास तथा व्यावहारिक शिक्षा के विविध अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। हमारे समर्पित शिक्षक विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास विकसित करने हेतु निरंतर मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद एवं सामुदायिक सहभागिता को भी विशेष महत्व दिया जाता है, ताकि विद्यार्थी सर्वांगीण विकास प्राप्त कर सकें और एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

मुझे विश्वास है कि हमारा महाविद्यालय प्रत्येक विद्यार्थी की प्रतिभा को निखारते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा। आइए, हम सभी ज्ञान, अनुशासन, उत्कृष्टता और सेवा की भावना के साथ एक सशक्त एवं समृद्ध समाज के निर्माण में योगदान दें।

**आप सभी के उज्ज्वल भविष्य एवं सफलता के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।**

प्राचार्य
**डॉ० शंभू कुमार सिंह**
एस.आर.टी. कॉलेज, धमड़ी, गोड्डा
सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय,
दुमका, झारखंड

# एस. आर. टी. कॉलेज, धमड़ी, गोड्डा में पदस्थापित प्राचार्यों का कार्यकाल

| क्र. | नाम | कब से कब तक |
|---|---|---|
| 1 | श्री लक्ष्मण पाण्डेय | 1967 - 20.11.1986 |
| 2 | श्री देवनन्दन सिंह | 21.11.1986 - 31.07.1991 |
| 3 | श्री सुकेश प्रसाद लाल | 01.08.1991 - 30.11.1992 |
| 4 | श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह | 01.12.1992 - 23.09.1993 |
| 5 | श्री अभय कुमार तिवारी | 24.09.1993 - 14.09.1998 |
| 6 | डा0 सिकन्दर प्रसाद यादव | 15.09.1998 - 26.03.1999 |
| 7 | श्री अभय कुमार तिवारी | 27.03.1999 - 21.02.2009 |
| 8 | डा0 सिकन्दर प्रसाद यादव | 24.02.2009 - 04.08.2010 |
| 9 | श्री अभय कुमार तिवारी | 05.08.2010 - 23.12.2015 |
| 10 | श्री विपीन बिहारी पाण्डेय | 24.12.2015 - 31.10.2016 |
| 11 | श्री गुरूदेव झा0 | 01.11. 2016 - 30.09.2018 |
| 12 | डा0 विनोद कुमार | 01.10.2018 - 31.01.2020 |
| 13 | श्री दीनानाथ मिश्रा | 31.01.2020 - 17.04.2021 |
| 14 | डा0 महेश्वर गोईत | 20.04.2021 - 29-02-2024 |
| 15 | श्री निमाई चन्द्र दास | 01-03-2024- 20-06-2025 |
| 16 | डा0 शंभु कुमार सिंह | 20-06-2025 कार्यरत |

## प्रवेश सम्बन्धी नियम

- महाविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों के आधार पर ही नामांकन किया जाता है।
- प्रवेश के इच्छुक छात्रों को परीक्षाफल प्रकाशित होने के बाद ऑनलाइन (CHANCELLOR PORTAL) आवेदन करना होगा।
- ऐसे आवेदन पत्रों पर जो आदेश होंगे वे महाविद्यालय के सूचनापट पर प्रकाशित किये जायेंगे। नामांकन के इच्छुक छात्र/छात्राएँ आवेदन की प्रक्रिया को ऑनलाइन या ऑफ़ लाइन के माध्यम से करेंगे।
- प्रवेश का आधार योग्यता है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, OBC-1, OBC-2 एवं EWS में उल्लेखित जातियों के लिए प्रवेश में कुछ छूट है। इस छूट को पाने के लिए ऐसे छात्र अपने आवेदन पत्र के साथ इस विषय का सक्षम अधिकारी से प्राप्त प्रमाण-पत्र की छाया प्रति अवश्य संलग्न करें। इस प्रमाण-पत्र के अभाव में कोई छूट नहीं मिलेगी।

| विषय (Subject) | प्रवेश क्षमता (Intake) |
|---|---|
| Physics | 60 |
| Chemistry | 60 |
| Mathematics | 90 |
| Life Science | 120 |
| Geography | 180 |
| Political Science | 180 |
| History | 180 |
| Sociology | 60 |
| Hindi | 180 |
| English | 120 |
| Economics | 120 |
| Philosophy | 30 |
| **TOTAL** | **1,380** |

## नामांकन के लिए आवश्यक अभिलेख

- विद्यालय/महाविद्यालय छोड़ने का मूल प्रमाण-पत्र (SLC/CLC)
- अंक पत्र की छाया प्रति।
- मूल माइग्रेशन प्रमाण-पत्र (JAC के अतिरिक्त)
- पासपोर्ट साईज का चार नवीनतम फोटो।
- पिछली परीक्षा के प्रवेश पत्र की छाया प्रति।
- पंजीयन अथवा सूचीकरण प्रपत्र।
- यदि कोई छात्र माध्यमिक परीक्षा या विश्वविद्यालय परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद किसी भी महाविद्यालय में प्रविष्ट हो चुका हो तो उस महाविद्यालय का स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (TC)।
- निर्धारित शुल्क।

| SUBJECTS | BOYS | | GIRLS | |
|---|---|---|---|---|
| | FROM JAC | FROM OTHER BOARD | FROM JAC | FROM OTHER BOARD |
| MAJOR IN A PRACTICAL SUBJECTS | Rs. 1500 | Rs.1700 | Rs. 1300 | Rs. 1500 |
| MAJOR IN A NON- PRACTICAL SUBJECTS | Rs. 1300 | Rs. 1500 | Rs. 1100 | Rs. 1300 |

# Courses Structure

## Semester - wise Course Code and Credit Points for Single Major during the First Three Years of FYUGP

| Semester | Common, Introductory, Major, Minor, Vocational & Internship Courses | | Credits | |
|---|---|---|---|---|
| | Code | Papers | Paper | Semester |
| I | AEC-1 | Language and Communication Skills (MIL-1; Modern Indian language Hindi/ English) | 2 | 20 |
| | VAC-1 | Value Added Course-1 | 2 | |
| | IKS-1 | Indian Knowledge System-I/Social Awareness Activities | 2 | |
| | SEC-1 | Skill Enhancement Course-1 | 3 | |
| | MDC-1 | Multi-disciplinary Course-1 | 3 | |
| | AC-1 | Associated core courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | |
| | MJ-1 | Major paper 1 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| II | AEC-2 | Language and Communication Skills (MIL-1; Modern Indian language English/ Hindi) | 2 | 20 |
| | VAC-2 | Value Added Course-2 | 2 | |
| | IKS-2 | Social Awareness Activities/ Indian Knowledge System-I | 2 | |
| | SEC-2 | Skill Enhancement Course-2 | 3 | |
| | MDC-2 | Multi-disciplinary Course-2 | 3 | |
| | AC-2 | Associated core courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | |
| | MJ-2 | Major paper 2 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| III | AEC-3 | Language and Communication Skills (MIL-2; MIL including TRL) | 2 | 20 |
| | SEC-3 | Skill Enhancement Course-3 | 3 | |
| | MDC-3 | Multi-disciplinary Course-3 | 3 | |
| | ELC-1 | Elective courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | |
| | MJ-3 | Major paper 3 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-4 | Major paper 4 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| IV | AEC-4 | Language and Communication Skills (MIL-2; MIL including TRL) | 2 | 20 |
| | VAC-3 | Value Added Course-3 | 2 | |
| | ELC-2 | Elective courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | |
| | MJ-5 | Major paper 5 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major having IKS) | 4 | |
| | MJ-6 | Major paper 6 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-7 | Major paper 7 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| V | ELC-3 | Elective courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | 20 |
| | MJ-8 | Major paper 8 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-9 | Major paper 9 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-10 | Major paper 10 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-11 | Major paper 10 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| VI | ELC-4 | Elective courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | 20 |
| | MJ-12 | Major paper 12 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-13 | Major paper 13 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-14 | Major paper 14 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-15 | Major paper 15 (Disciplinary/ Interdisciplinary Major) | 4 | |
| **Total Credits excluding one Internship (IAP) of 4 credits =** | | | **120** | **120** |

**Note:** It is mandatory to take One Internship of 4 credits in any one of the semesters during the first three years in FYUGP or before exit at any of the exit points if a student wishes to opt for the same.

## Semester - wise Course Code and Credit Points for Single Major during Fourth Year of FYUGP for Bachelor's Degree (Honours with Research)

| Semester | Common, Introductory, Major, Minor, Vocational & Internship Courses | | Credits | |
|---|---|---|---|---|
| | Code | Papers | Paper | Semester |
| VII A | ELC-5 | Elective courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | 20 |
| | MJ-16 | Major paper 16 (Research Methodology) | 4 | |
| | MJ-17 | Major paper 17 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-18 | Major paper 18 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | RC-1 | Research proposal – Planning & Techniques (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| VIII A | ELC-6 | Elective courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | 20 |
| | MJ-19 | Major paper 20 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-20 | Major paper 20 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | RC-2 | Research Internship/Field Work/Project/Dissertation/Thesis | 8 | |
| Total Credits excluding one Internship of 4 credits = | | | 160 | 160 |

## Semester - wise Course Code and Credit Points for Single Major during Fourth Year of FYUGP for Bachelor's Degree (Honours with Research)

| Semester | Common, Introductory, Major, Minor, Vocational & Internship Courses | | Credits | |
|---|---|---|---|---|
| | Code | Papers | Paper | Semester |
| VII B | ELC-5 | Elective courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | 20 |
| | MJ-16 | Major paper 16 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-17 | Major paper 17 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-18 | Major paper 18 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | AMJ-1 | Major paper 19 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| VIII B | ELC-6 | Elective courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | 20 |
| | MJ-19 | Major paper 20 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-20 | Major paper 20 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | AMJ-1 | Advanced Major paper-1 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | AMJ-2 | Advanced Major paper-2 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| Total Credits excluding one Internship of 4 credits = | | | 160 | 160 |

## Semester - wise Course Code and Credit Points for Single Major during the Fourth Year Years of FYUGP for Bachelor's Degree (with Postgraduate Diploma)

| Semester | Common, Introductory, Major, Minor, Vocational & Internship Courses | | Credits | |
|---|---|---|---|---|
| | Code | Papers | Paper | Semester |
| VII C | ELC-5 | Elective courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | 20 |
| | MJ-16 | Major paper 16 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-17 | Major paper 17 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-18 | Major paper 18 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | JOC-1 | Skill based Job Oriented paper (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| VIII C | ELC-6 | Elective courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational | 4 | 20 |
| | MJ-19 | Major paper 20 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | MJ-20 | Major paper 20 (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | JOC-2 | Skill based Job Oriented paper (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| | JOC-3 | Skill based Job Oriented paper (Disciplinary/Interdisciplinary Major) | 4 | |
| Total Credits excluding one Internship of 4 credits = | | | 160 | 160 |

**Note: Abbreviations used in Tables-8A, & 8B & 8C:**

| | |
|---|---|
| AEC | Ability Enhancement Courses |
| SEC | Skill Enhancement Courses |
| IAP | Internship/Apprenticeship/ Project |
| IKS | Indian Knowledge System |
| MDC | Multidisciplinary Courses |
| ELC | Elective Courses |
| MJ | Major Disciplinary/Interdisciplinary Courses |
| AC | Associated core courses from discipline/ Interdisciplinary/ vocational |
| MN | Minor Disciplinary/Interdisciplinary/vocational Courses |
| AMJ | Advanced Major Disciplinary/Interdisciplinary Courses |
| RC | Research Courses |
| JOC | Skill based Job Oriented course |

### 7. Nature of Different Types of Courses in a Programme

7.1 **Lecture courses:** Courses involving lectures relating to a field or discipline by an expert or qualified personnel in a field of learning, work/vocation, or professional practice. A minimum of 15 hours of teaching per credit in a semester is recommended.

7.2 **Tutorial courses:** Courses involving problem-solving and discussions relating to a field or discipline under the guidance of qualified personnel in a field of learning, work/vocation, or professional practice.

7.3 **Practicum or Laboratory work/activity:** A course requiring students to participate in a project or practical or lab activity that applies previously learned/studied principles/theory related to the chosen field of learning, work/vocation, or professional practice under the supervision of an expert or

# परीक्षा विभाग

परीक्षा विभाग महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है। इसकी स्थापना विद्यार्थियों के ज्ञान एवं अधिगम परिणामों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विश्वसनीय मूल्यांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। विभाग संबद्ध विश्वविद्यालय, UGC तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP-2020) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप परीक्षा प्रणाली का संचालन करता है। विभाग आंतरिक मूल्यांकन, सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षाएँ, प्रायोगिक परीक्षाएँ, परियोजना कार्य एवं वाइवा का सफल संचालन करता है। परीक्षा कार्यक्रम, आवेदन, प्रवेश पत्र, प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाओं का सुरक्षित प्रबंधन, परिणामों का समयबद्ध प्रकाशन तथा परीक्षा अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण इसकी प्रमुख जिम्मेदारियाँ हैं।परीक्षा नियंत्रक (Controller of Examinations)परीक्षा नियंत्रक विभाग के प्रमुख अधिकारी हैं, जो प्राचार्य, IQAC, विभागाध्यक्षों एवं विश्वविद्यालय के साथ समन्वय स्थापित कर परीक्षा संबंधी सभी गतिविधियों का प्रभावी संचालन करते हैं। वे गोपनीयता, पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए परीक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हैं। परीक्षा विभाग का स्टाफपरीक्षा नियंत्रक के मार्गदर्शन में विभाग का शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय स्टाफ परीक्षा संचालन, गोपनीय अभिलेखों के संधारण, परिणाम तैयार करने तथा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी सेवाएँ प्रदान करने का कार्य दक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ करता है।विभाग का उद्देश्य निष्पक्ष, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं विद्यार्थी-केंद्रित परीक्षा प्रणाली विकसित करना है, जो UGC एवं NAAC के गुणवत्ता मानकों के अनुरूप संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता को निरंतर सुदृढ़ बनाए।



# परीक्षा संबंधी नियम

| Semester 1 | Semester 2 | Semester 3 | Semester 4 |
|---|---|---|---|
| Credit : 20<br>SPGA : 6.9 | Credit : 20<br>SPGA : 7.8 | Credit : 20<br>SPGA : 7.0 | Credit : 20<br>SPGA : 8.0 |
| **Semester 5** | **Semester 6** | | |
| Credit : 20<br>SPGA : 7.3 | Credit : 20<br>SPGA : 8.6 | | |

**Thus, CGPA- =** $$\frac{20 \times 6.9 + 20 \times 7.8 + 20 \times 7.0 + 20 \times 8.4 + 20 \times 7.3 + 20 \times 8.6}{20+20+20+20+20+20}$$

$$= \frac{138+156+140+168+146+172}{120} = 7.66$$

## Transcript (Format) :

**Based on the above recommendations on Letter grades, grade points, SGPA and CCPA, the HEIs may issue the transcript for each semester and a consolidated transcript indicating the performance in all semesters.**

## Evaluation of Learning Outcome

1. Semester Internal Theory Examination in Major, Minor and Rescarch Courses will be organized at the College/ Institution level. However, Only One End semester evaluation in other courses will be done either at the College/Institution or University level depending upon the nature of the course in the curriculum.
2. For the units of evaluation (namely tests, seminars, presentations, class performance, fieldwork, thesis and others) the weightage assigned to each of such units in respect of each course shall be determined by the appropriate academic body of the university and shall be made known to the students at the beginning of the academic session of the year, the semester as the case may be.
3. The question papers for the examinations shall be set in such a manner as to ensure that they cover the entire syllabus of the concerned course.
4. The tests and examinations shall aim at evaluating not only the student's ability to recall information, which he/she had memorized but also his/her understanding of the subject and ability to synthesize scattered bits of information into a meaningful whole. Some of the questions shall be analytical and invite original thinking or application of theory.
5. Semester Internal Theory Examination (each of 1 hour) in Courses will be

organized at the College/Institution level.

6. There shall be only one Practical Examination (each of 6 hours) in each semester for each paper separately.
7. Practical Examinations will be conducted by One External & One Internal Examiner.
8. There will be Only One Semester Internal Examination in Major, Minor and Research Courses, which will be organized at the college/institution level.
9. Out of 100 Marks, the Semester Internal Theory Examination (each of 1 hour) in the Practical subjects will be of 15 marks and in non-practical subjects will be of 25 marks.
10. 15 Marks in Theory Examination of Practical subjects may include 10 Marks questions from the Written Examination/ Assignment Project/ Tutorial wherever applicable and 5 marks will be awarded on the attendance/overall class performance in the semester.
11. 25 Marks in Theory Examination of Non-Practical subjects may include 20 Marks questions from Written Examination/ Assignment/ Project/ Tutorial wherever applicable and 5 marks will be awarded on the attendarice/ overall class performance in the semester.
12. To convert attendance into marks a suggestive range is provided here. However, institutions may develop their range:

    [Attendance Uplo45% I mark: 45<Attd. <55, 2 marks, 55<Atud. <65, 3 marks; 65<Attd.<75, 4 marks: 75<Attd, 5 marks].

## Marks Distribution Pattern

<table>
<tr><th>Subjects</th><th>Credits</th><th colspan="2">FM</th><th>Semester Internal Examination</th><th colspan="2">End Semester University Examination</th></tr>
<tr><td>Ability Enhancement Courses</td><td>2</td><td colspan="2">50</td><td>----</td><td colspan="2">50</td></tr>
<tr><td>Value Added Courses</td><td>2</td><td colspan="2">50</td><td>----</td><td colspan="2">50</td></tr>
<tr><td>Skill Enhancement Courses</td><td>3</td><td colspan="2">75</td><td>----</td><td colspan="2">75</td></tr>
<tr><td>Multidisciplinary Courses</td><td>3</td><td colspan="2">75</td><td>----</td><td colspan="2">75</td></tr>
<tr><td>Minor Courses</td><td>4</td><td colspan="2">100</td><td>25</td><td colspan="2">75</td></tr>
<tr><td>Major Courses</td><td>4</td><td colspan="2">100</td><td>25</td><td colspan="2">75</td></tr>
<tr><td>Advanced Major</td><td>4</td><td colspan="2">100</td><td>25</td><td colspan="2">75</td></tr>
<tr><td>Research Courses</td><td></td><td colspan="2"></td><td></td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>i. Research Methodology (Core course) (F.M.-100)</td><td>4</td><td colspan="2">100</td><td>25</td><td colspan="2">75</td></tr>
<tr><td>ii. Research Proposal (Planning and Techniques) (F.M.-100)</td><td>4</td><td colspan="2">100</td><td>25</td><td colspan="2">100</td></tr>
<tr><td>iii. Thesis & others (F.M.-200)</td><td>8</td><td colspan="2">200</td><td>----</td><td colspan="2">200</td></tr>
<tr><td>Internship</td><td>4</td><td colspan="2">100</td><td>----</td><td colspan="2">Grade Points Awarded By The Concemed Organization And Validated By The College/university</td></tr>
<tr><td>Non-Practical Subjects (MJ/MN)</td><td>4</td><td colspan="2">100</td><td>25</td><td colspan="2">75</td></tr>
<tr><td rowspan="2">Practical Subjects (MJ/MN)</td><td rowspan="2">4</td><td>T</td><td>P</td><td>T</td><td>T</td><td>P</td></tr>
<tr><td>75</td><td>25</td><td>15</td><td>60</td><td>25</td></tr>
</table>

1. To get a promotion from Semester II to Semester III, from Semester IV to Semester V, and from Semester VI to Semester VII a student has to procure a minimum of 4 CGPA.
2. However, it will be necessary to obtain a minimum credit (4) to pass in each of the courses individually before completion of the course.
3. Credits earned from recognized online courses may be considered a component for fulfilling the criteria for promotion. If any student fails to secure passing marks in a course offered through the regular offline mode in the institution, then they may be allowed to procure the required credits from any recognized online course offered by SWAYAM, MOOCs, or other sources designated/approved by the University.

## Research Courses :

1. Research Methodology [1x4-4 Credits]

   In Semester VII, students will undertake a 4-credit course in Research Methodology. This core course will cover research methods relevant to their specific subject, equipping them with the foundational skills needed for conducting research. This course will be one of the compulsory core courses in Semester VII.

2. Research Proposal - Planning and Techniques [1x4 - 4 Credits]

   Also in Semester VII, students will be engaged in a 4-credit, activity-based course focused on planning and techniques for research proposal development. This course will involve the creation of a research project or proposal, reviewing related literature, and gathering necessary data. It will encompass techniques for laboratory work, practicums, field-based projects, survey analyses, and internships.

3. Research Internship & Dissertation/Thesis [1x8 = 8 Credits]

   In Semester VIII, students will complete an 8-credit course involving a research internship and the preparation of a dissertation/thesis. This course will include laboratory work, practicums, field projects, survey analyses, or internship-based projects. Students must submit a comprehensive research report and defend their dissertation/thesis. The evaluation will consider the following :

   - Project dissertation design
   - Methodology and content depth
   - Participation in an internship programme with a reputed organization
   - Application of research techniques in data collection
   - Data Analysis
   - Report presentation
   - Presentation style
   - Results and discussion
   - Future scope
   - References

4. Marks distribution may be as follows or adjusted as appropriate:

   - Assessment of Project Synopsis : 50 marks
   - Assessment of Project Thesis : 100 marks

# समाजशास्त्र विभाग

समाजशास्त्र विभाग एस.आर.टी. महाविद्यालय, धमड़ी, गोड्डा का एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक अंग है, जो स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों को समाज, सामाजिक संस्थाओं, संस्कृति, सामाजिक संबंधों तथा मानवीय व्यवहार का वैज्ञानिक एवं समग्र अध्ययन कराने के लिए समर्पित है। विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, तार्किक एवं विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, मानवीय संवेदनशीलता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करना है, ताकि वे समाज की जटिल संरचनाओं एवं समकालीन सामाजिक चुनौतियों को समझने और उनके समाधान में सार्थक योगदान देने में सक्षम बन सकें।

विभाग का पाठ्यक्रम सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है, जिसमें सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अध्ययन का संतुलित समावेश है। नियमित कक्षाओं के साथ-साथ संगोष्ठियों, समूह चर्चाओं, क्षेत्रीय अध्ययनों, परियोजना कार्यों तथा सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सामाजिक परिवर्तन, ग्रामीण एवं नगरीय समाज, सामुदायिक जीवन, सामाजिक समस्याओं तथा विकास संबंधी विषयों की गहन समझ विकसित करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

विभाग विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायी एवं शोधोन्मुख शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराता है, जहाँ उन्हें स्वतंत्र चिंतन, नवाचार, अनुसंधान तथा अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जाता है। विभाग के अनुभवी एवं समर्पित शिक्षक विद्यार्थियों को सतत शैक्षणिक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उनमें विश्लेषणात्मक क्षमता, अनुसंधान कौशल, नैतिक मूल्यों तथा नेतृत्व गुणों का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

समाजशास्त्र विभाग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध, अध्यापन, सामाजिक कार्य, गैर-सरकारी संगठनों, लोक प्रशासन, विकास योजनाओं तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी सुदृढ़ आधार प्रदान करता है। ज्ञान, संवेदनशीलता, सामाजिक प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्टता के मूल्यों से प्रेरित यह विभाग ऐसे उत्तरदायी, जागरूक एवं आत्मविश्वासी नागरिक तैयार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जो राष्ट्र एवं समाज के समग्र विकास में सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभा सकें।



**Mr. Nimai Chandra Das**
Assistant Professor
Head of the Department



**Dr. Pallavee Kumari**
M.A. (Gold Medalist)
Assistant Professor



**Dr. Abhay Dubey**
Assistant Professor

# दर्शनशास्त्र विभाग

> दर्शनशास्त्र विभाग विद्यार्थियों को मानवीय चिंतन, अस्तित्व और ज्ञान के मूल प्रश्नों पर गहन अध्ययन का अवसर प्रदान करता है। विभाग में भारतीय और पाश्चात्य परंपराओं के साथ-साथ आधुनिक दार्शनिक विमर्श का संतुलित परिचय कराया जाता है।



**Mr. Niraj Kumar**
Assistant Professor Cum Bursar
Head of the Department

## पाठ्यक्रम :

- **तर्कशास्त्र (Logic) :** विचार की शुद्धता एवं युक्तिसंगतता का अध्ययन।
- **धर्म दर्शन (Philosophy of Religion) :** आस्था, ईश्वर और धार्मिक अनुभवों की दार्शनिक व्याख्या।
- **परमार्थ (Metaphysics) :** अस्तित्व एवं वास्तविकता के मूल स्वरूप पर चिंतन।
- **ज्ञानमीमांसा (Epistemology) :** ज्ञान की प्रकृति, स्रोत एवं सीमाओं का विश्लेषण।
- **भारतीय दर्शन (Indian Philosophy) :** वेदांत, न्याय, सांख्य, बौद्ध एवं जैन परंपराओं का अध्ययन।
- **पाश्चात्य दर्शन (Western Philosophy) :** प्लेटो, अरस्तु से लेकर आधुनिक दार्शनिकों तक की विचारधारा।

## विभागीय उद्देश्य :

- विद्यार्थियों में आलोचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक सोच का विकास।
- भारतीय एवं पाश्चात्य परंपराओं के तुलनात्मक अध्ययन द्वारा वैश्विक दृष्टिकोण का निर्माण।
- नैतिकता, धर्म एवं समाज से जुड़े प्रश्नों पर गहन विमर्श को प्रोत्साहन।

# Department of Political Science



The Department of Political Science SRT College Dhamri is committed to fostering critical thinking, democratic values, and an informed understanding of political institutions and global affairs. This department provides a strong academic foundation in political theory, public administration, international relations, and constitutional studies.

Through interactive lectures, seminars, debates, and workshops, students develop analytical, communication, and leadership skills essential for public service and diverse professional careers. The department encourages active participation in academic and co-curricular activities, preparing students to become responsible citizens and future leaders.

Our dedicated faculty members mentor students with a focus on academic excellence, ethical values, and practical understanding of contemporary political issues, enabling them to contribute meaningfully to society.

In this department studying near about 250 students in every semester.



**Mr. Maheshwar Ram Indwar**
Assistant Professor
Head of The Department





**Mr. Nand Lal Paswan**
Assistant Professor

# इतिहास विभाग



इतिहास विभाग, एस.आर.टी. कॉलेज, धमडी, गोड्डा का एक प्रमुख एवं सशक्त शैक्षणिक अंग है, जो विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति गहन रुचि, ऐतिहासिक चेतना, आलोचनात्मक दृष्टिकोण तथा शोधपरक चिंतन विकसित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। विभाग का उद्देश्य केवल अतीत की घटनाओं का अध्ययन कराना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को इतिहास के माध्यम से वर्तमान समाज को समझने तथा भविष्य के निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। हमारा विश्वास है कि इतिहास केवल तिथियों और घटनाओं का संकलन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के विकास, संघर्ष, उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक परिवर्तन की सतत यात्रा का सजीव दस्तावेज है। विभाग का पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के अनुरूप तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को प्राचीन, मध्यकालीन एवं आधुनिक भारतीय इतिहास के साथ-साथ विश्व इतिहास के विविध आयामों का व्यवस्थित एवं गहन अध्ययन कराया जाता है। साथ ही इतिहास लेखन की विभिन्न पद्धतियों, ऐतिहासिक स्रोतों, अभिलेखों, पुरातात्त्विक साक्ष्यों, सांस्कृतिक धरोहरों तथा सामाजिक-आर्थिक एवं राजनीतिक परिवर्तनों का अध्ययन भी कराया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में तथ्यपरक विश्लेषण, तार्किक चिंतन और शोधपरक दृष्टिकोण का विकास हो सके।

संथाल परगना की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत इस क्षेत्र की विशिष्ट पहचान है। वीर क्रांतिकारी एवं उनके नेतृत्व में 1855 में हुए ऐतिहासिक ने अन्याय और शोषण के विरुद्ध संघर्ष की अमिट गाथा लिखी। इस गौरवशाली विरासत से प्रेरणा लेते हुए विभाग विद्यार्थियों में अपने इतिहास, संस्कृति, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सम्मान और जागरूकता विकसित करने का सतत प्रयास करता है।

अध्ययन-अध्यापन को अधिक प्रभावी एवं अनुभवपरक बनाने के उद्देश्य से विभाग समय-समय पर संगोष्ठियों, व्याख्यानमालाओं, अध्ययन भ्रमणों, ऐतिहासिक स्थलों के शैक्षणिक भ्रमण, समूह चर्चाओं, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, परियोजना कार्यों तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को कक्षा में अर्जित ज्ञान को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ने तथा इतिहास के विविध पक्षों को व्यापक दृष्टिकोण से समझने का अवसर प्राप्त होता है।

विभाग के समर्पित, अनुभवी एवं विद्वान शिक्षक विद्यार्थियों के शैक्षणिक, बौद्धिक तथा नैतिक विकास के लिए सदैव मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करते हैं। विभाग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, अनुसंधान, प्रतियोगी परीक्षाओं, पुरातत्त्व, अभिलेखागार, संग्रहालय, पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत संरक्षण, शिक्षण तथा प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर अवसरों के प्रति भी प्रेरित एवं मार्गदर्शित करता है। अपने उत्कृष्ट शिक्षण, अनुसंधानोन्मुख वातावरण तथा विविध शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से इतिहास विभाग ऐसे जागरूक, उत्तरदायी, संवेदनशील एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नागरिकों के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है, जो अतीत से प्रेरणा लेकर वर्तमान को समझें और ज्ञान, विवेक तथा मानवीय मूल्यों के आधार पर भविष्य के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें।



**Dr. Dev**
**Assistant Professor**
**Head of the Department**



**Dr. Bipin Kumar**
**Assistant Professor**

# भूगोल विभाग

